# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 13 मई 2024, सोमवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र के धुले और पालघर में आयोजित जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**सत्ता के लोभ में सिद्धांत छोड़ने वाले उद्धव ठाकरे को जनता जवाब देगी**

******************

**उद्धव ठाकरे जवाब दें, क्या आप कसाब, ट्रिपल तलाक व पर्सनल लॉ की समर्थक और सनातन धर्म एवं वीर सावरकर की विरोधी कांग्रेस के साथ हो?**

******************

**इस चुनाव में एक ओर भ्रष्टाचारी इंडी अलायंस है और दूसरी तरफ जनता की सेवा कर रहे मोदी जी हैं**

******************

**सर्कस अलायंस मोदी जी का मुकाबला नहीं कर सकता**

******************

**कसाब की पैरवी करने वाली कांग्रेस से उद्धव ठाकरे ने गठबंधन किया है**

******************

**उद्धव ठाकरे, शरद पवार और राहुल गांधी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इसलिए नहीं गए क्योंकि वो अपने भिंडी बाजार वाली वोटबैंक से डरते हैं**

******************

**सत्ता में आने पर राम मंदिर शुद्धिकरण की बात कहने वाले नाना पटोले को अपने परंपरा और धर्म की समझ नहीं**

******************

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज सोमवार को महाराष्ट्र के धुले और पालघर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) सहित पूरे इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा और मोदी सरकार के अंतर्गत किए गए जनकल्याणकारी और विकास कार्यों को रेखांकित किया। कार्यक्रमों के दौरान मंच पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस, राज्यसभा सांसद श्री अजित गोपछड़े, धुले लोकसभा से निवर्तमान सांसद एवं प्रत्याशी श्री सुभाष भामरे और पालघर लोकसभा प्रत्याशी श्री हेमंत सावरा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 2024 का चुनाव दो खेमों में बंटा हुआ, एक ओर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व देश को आगे बढ़ाने वाला एनडीए है और दूसरी ओर राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन हैं। एक ओर 12 लाख करोड़ रुपये का घपले-घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी व उनके साथी हैं और दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, जिन पर 25 पैसे के भ्रष्टाचार का भी आरोप नहीं है। एक ओर विदेश जाकर छुट्टियां मनाने वाले राहुल गांधी हैं और दूसरी ओर 23 वर्षों में बिना छुट्टी लिए देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। **एक ओर चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं और दूसरी ओर चाय बेचने वाले गरीब के घर में जन्मे माननीय प्रधानमंत्री**

**श्री नरेन्द्र मोदी हैं।** यह चुनाव देश के विकास का चुनाव है, श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है, देश के विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ाने और देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। उद्धव ठाकरे और उनके सहयोगी दल चुनाव में भ्रमित बातें करके जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। यह इंडी गठबंधन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को अपशब्द बोलने के लिए एकत्रित हुआ है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस और उनके साथियों ने 70 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा था, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरे कार्यकाल के 5 वर्षों के भीतर कोर्ट का फैसला भी आया, भूमि पूजन भी हुआ और 22 जनवरी जनवरी को भव्य राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा भी सम्पन्न हुई। कांग्रेस और उनके सहयोगियों को श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, लेकिन अपने वोट बैंक से डरने के कारण वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। **भाजपा को उनके वोट बैंक का डर नहीं है, इसलिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने औरंगजेब द्वारा तोड़े गए काशी विश्वनाथ मंदिर के कॉरिडोर बनवाया और सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करके उसे पुनः सोने का बनाया जा रहा है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के सभी श्रद्धा केन्द्रों का पुनरुद्धार किया है।
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और महाराष्ट्र के लोगों का कश्मीर से क्या लेना-देना है, खड़गे साहब 80 की उम्र पार कर गए, लेकिन ये नहीं जान पाए कि धुले और महाराष्ट्र का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार है। 70 वर्षों तक तुष्टीकरण की राजनीति के लिए कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 को संभाल कर रखा था, लेकिन आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद 5 वर्षों में ही धारा 370 को समाप्त कर दिया। **राहुल गांधी कहते हैं कि धारा 370 को समाप्त करके ठीक नहीं किया गया, उद्धव ठाकरे को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए महाराष्ट्र की जनता को बताना चाहिए कि धारा 370 को समाप्त किया जाना चाहिए था या नहीं?** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने किया है। **इंडी गठबंधन के नेता से एक पत्रकार ने पूछा कि आपके प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है, तो उन्होंने कहा हर साल एक नया प्रधानमंत्री बनाया जाएगा।** आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ही देश से नक्सलवाद को खत्म किया, लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और करोड़ों नागरिकों को घर, बिजली, पेयजल कनेक्शन और स्वस्थ और खुशहाल जीवन प्रदान कर सकते हैं।

श्री शाह ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि **कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि पीओके पर चर्चा मत करो, क्योंकि पाकिस्तान के पास प्रमाणु हथियार है। इस वजह से पाकिस्तान को सम्मान दो, और पीओके की मांग मत करो। राहुल गांधी को डरना है तो डर सकते हैं, लेकिन देश के लोग नहीं डरने वाले हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हमारे नेता हैं, पीओके हमारा है और हमारा ही रहेगा।** भाजपा ने पूरे देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का संकल्प लिया है, जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में शरिया कानून के हिसाब से न्याय। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए पीड़ित हिन्दू, बौद्ध, सिख और जैन भाई-बहनों के लिए नागरिकता संशोधन अधिनियम पेश किया, लेकिन कांग्रेस सीएए को रद्द करना चाहती है। हजारों घुसपैठिए ममता बनर्जी के राज्य से होकर मुंबई तक पहुंच जाते है। मगर इस बार बंगाल में भी 30 सीटें भाजपा जीतने वाली है और बंगाल में भाजपा आते ही घुसपैठिए क्या परिंदा भी बिना अनुमति के घुस भी नहीं पाएगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन के नेतृत्व वाली सरकार में आए दिन बम-धमाके होते थे और सरकार चुप-चाप बैठी रहती थी, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में आतंकियों ने उरी और पुलवामा में हमला करने की गलती की तो 10 दिनों के भीतर भारतीय सेना ने पकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक करके आतंकियों का सफाया कर दिया। राहुल गांधी और कांग्रेस देश को सुरक्षित व समृद्ध नहीं कर सकते। कांग्रेस के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व में 5वें स्थान की

अर्थव्यवस्था बन गया है। **मोदी की गारंटी है, यदि जनता आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी, तो भारत बहुत जल्द विश्व के तीसरे स्थान का अर्थतंत्र बन जाएगा। महिला सशक्तिकरण के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है।**

श्री शाह ने कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने बयान दिया है की कांग्रेस सत्ता में आएगी तो वह राम मंदिर का शुद्धिकरण करेंगे। उन्हें नहीं पता नहीं जहां भगवान श्री राम स्वयं विराजमान है वह जगह कभी अपवित्र नहीं हो सकती। इंडी गठबंधन वाले न अपनी परम्परा जानते है न ही अपने धर्म को समझते है, बल्कि यह लोग केवल अपने स्वार्थ को सर्वप्रथम रखते है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आदिवासी समाज के लिए ढेर सारे काम किए हैं। अटल जी ने आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया और आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति बनाया। कांग्रेस के शासनकाल में आदिवासी कल्याण का बजट 25 हजार करोड़ आवंटित था, जिसे भाजपा ने बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार रुपए करने का कार्य किया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना (शिंदे गुट) और अन्य साथी दल जनता के लिए के काम करने वाले दल हैं। माननीय प्रधामनत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं कि उनके जीवन का क्षण-क्षण मां भारती और मेरे देश के गरीबों के लिए समर्पित है। जबकि इंडी गठबंधन के नेता उद्धव ठाकरे का उद्देश्य आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाना, शरद पवार का उद्देश्य सुप्रिया सुले को मुख्यमंत्री, ममता बनर्जी का उद्देश्य भतीजे को मुख्यमंत्री, लालू यादव का उद्देश्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री और सोनिया गांधी का एक मात्र उद्देश्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। **जो लोग अपने बेटे-बेटी, भतीजों के लिए कार्य करते हैं, वो महाराष्ट्र और देश की जनता का कल्याण नहीं कर सकते। जनता का कल्याण केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं।**

श्री शाह ने कहा कि महाराष्ट्र और धुले के विकास के लिए भाजपा सरकार में ढेर सारे कार्य किए गए हैं। धुले में 3 लाख 50 हजार घरों में नल से जल पहुंचाया गया, कई जल प्रकल्प के प्रोजेक्ट रुके हुए थे उन्हें शुरू किया गया, 2500 करोड़ की लागत से धुले की पानी की समस्या को हल करने का कार्य किया गया है और 6 राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं। उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस कपास के किसानों के लिए 4 हजार करोड़ रुपए की *भावांतर योजना* लेकर आए हैं। 1800 करोड़ की लागत से भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत सड़कों का विकास किया गया और 25 हजार आवास बनाए गए हैं। वधावन बंदरगाह के लिए 7600 करोड़ रुपए आवंटित किए, जेएनपीटी का विकास हो रहा है और 10 वर्षों में इस क्षेत्र से जुड़े 10 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। महाराष्ट्र में सबसे लंबा समुद्र पुल अटल सेतु बनाया गया, 1 लाख करोड़ रुपए की लागत से भारत की पहली बुलेट ट्रेन चलने वाली है, 5 नई वंदे भारत ट्रेन चलाई गईं और 40 हजार करोड़ की लागत से 33 किलोमीटर मेट्रो का विकास किया गया और 1800 करोड़ रुपए की लागत से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल और 23 रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया गया। पालघर के 2600 मछुआरों को पाकिस्तान से सुरक्षित घर वापस लाने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। पालघर जिले के 5 लाख 34 हजार लोगों को 5 लाख तक के स्वास्थ्य का खर्च मिल रहा है, 260 करोड़ रुपए किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को खाते में भेजे गए। भाजपा सरकार ने महाराष्ट्र के विकास के लिए लगभग 15 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, लेकिन उद्धव ठाकरे उत्तर दें, जब कांग्रेस की सरकार थी तो उन्होंने क्या किया था?

माननीय श्री शाह ने सत्ता लोभ में सिद्धांत छोड़ने वाले उद्धव ठाकरे से सवाल पूछे कि **कांग्रेस नेता आतंकी कसाब का समर्थन कर रहे हैं, उनकी पार्टी मुस्लिम पर्सनल लॉ वापस लाना चाहती है, राहुल गांधी वीर सावरकर का विरोध करते हैं और उदयनिधि स्टालिन सनातन धर्म का विरोध करते हैं, क्या उद्धव ठाकरे इन सभी बातों का समर्थन कर रहे हैं?**

केन्द्रीय गृह श्री अमित शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कोरोना महामारी में जनता को सुरक्षित किया है। कांग्रेस पार्टी देश की सुरक्षा नहीं कर सकती और चंद्रमा पर चंद्रयान नहीं पहुंचा सकती है। **राहुल गांधी खुद लॉन्च नहीं हो पा रहे हैं, चंद्रयान कैसे लॉन्च करेंगे?** राहुल गांधी गरीबों के घर में गैस, पानी, बिजली, स्वास्थ्य की सेवाएं और नि:शुल्क अनाज नहीं पहुंचा सकते है। यह लोग केवल अपने परिवार का भला कर सकते हैं, देश की जनता का नहीं। **भारत को अगर दुनिया में कोई सम्मान दिला सकता है तो वह आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।** श्री अमित शाह ने स्थानीय प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर पूरे देश में 400 से अधिक सीटों के साथ फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

**********************